तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024


बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 सिवनी में 18 माह में तैयार होगा नवीन प्रधान जिला व सत्र ...

11 आर्थिक रूप से सशक्त, सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बन रही हैं ...


## खबर संक्षेप

### नशे में मिले अधेड़ को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, मौत




**बालोद।** जिले के सनौद थाना क्षेत्र में कोसागोंदी गांव के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में रविवार की देर शाम पुलिसकर्मियों को मिला, जिसे अस्पताल पहुंचाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। सनौद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम युगल सोनी 55 बर्ष है, जो दुर्ग का रहने वाला था। वहीं, जानकारी के अनुसार युगल पत्नी औऱ परिजनों से घर से झगड़ा करके घर से निकला था। जो कोसागोंदी गांव के पास एक खेत में नशे की हालत में मिला था। घटना स्थल से पुलिस ने व्यक्ति की बाइक बरामद की है। वहीं, उसकी मौत कैसे हुई यह जांच का विषय है, हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत का कारण क्या है। बहरहाल सनौद पुलिस जांच में जुट गई है।

### आग में झुलसी महिला की मौत



**बालोद।** ग्राम झलमला में दो सप्ताह पहले आग की चपेट में आकर पति पत्नी झुलस गए थे। उनमें से महिला गीतू पटेल की उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि घटना के बाद दोनों को आनन फानन में जिला अस्पताल में ले जाया गया था। जहां पति का प्राथमिक उपचार किया गया और पत्नी की हालत गंभीर होने पर राजनादगांव रेफर किया गया था, वहां भी ठीक नहीं होने पर रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रविवार की शाम मौत हो गई, डाक्टरों के अनुसार सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा दिया गया।

### चन्दखुरी में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई कल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चन्दखुरी में 25 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की 268 वीं जयन्ती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत आसन गद्दी स्थापना एवं पूजा के साथ प्रातः 9 से होगी। इस अवसर पर सतनाम शोभायात्रा निकालने के बाद झंडारोहण किया जाएगा एवं पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही ग्राम मड़ई एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुनील सोनी स्टार नाईट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर करेंगे।

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 को खप्परवाड़ा में

**अंडा।** पिछड़ा वर्ग सम्मेलन ग्राम खप्परवाड़ा जिला बालोद में 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से आयोजित है। प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ साहू ने बताया कि इस सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर विभिन्न समाज प्रमुखों के साथ शामिल होंगे। सम्मेलन में विधायक ललित चंद्राकर व पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष धणेश चंद्राकर करेंगे, विशेष अतिथि ग्राम सरपंच रेवती देवदास दीपक चंद्राकर सौरभ चंद्राकर धोबी समाज के जिला राजनंदगांव अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर देवांगन समाज के वरिष्ठ नेता सेवक देवांगन हैं। स्वागत समिति के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को बनाया गया है।

# 6 साल बाद भी नहीं बढ़ी गन्ने की कीमत, आज भी 355 रुपए में ही बेच रहे किसान

## भारतीय किसान संघ जिला बालोद की बैठक में गन्ना उत्पादक किसानों ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ जिला बालोद की मासिक बैठक गंगा मैया प्रांगण झलमला में हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्यायों पर चर्चा की गई। किसानों ने बताया कि धान बेचने के लिए टोकन कटवाने में बहुत बड़ी समस्या आ रही है। टोकन होने के बाद भी सोसायटियों में खरीदी बंद हो गई।

शुरुआत में बारदाना की कमी से किसान परेशान थे। गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना का मूल्य नहीं बढ़ने से गन्ना का खेती करने में धान की तुलना में घाटा हो रहा है। इसलिए किसान गन्ना रेट नहीं बढ़ने पर गन्ना उखाड़ने की तैयारी कर रहा है क्योंकि 6 साल पहले भी 355 रुपए में गन्ना बेचते थे और आज भी 355 रुपए में ही गन्ना बेच रहे हैं।

किसानों ने बताया कि 6 साल पहले कटाई 50 रुपए प्रति क्विंटल था और ढुलाई 30 से 35 रुपए प्रति क्विंटल था जो अब कटाई 80 से 85 रुपए व ढुलाई 50 से 60 रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़ गया है, खाद दवाई मजदूरी सभी वस्तुओं का रेट बढ़ गया लेकिन गन्ना का रेट 6 साल से सिर्फ 355 है। यह गन्ना उत्पादक किसानों के साथ अन्याय है। किसानों ने कहा कि धान का रेट 2500 से 3100 रुपए और 15 क्विंटल से 21 क्विंटल प्रति एकड़ बढ़ा दिया गया है। लेकिन, सरकार गन्ना उत्पादक किसानों की ओर ध्यान नहीं दे रही है।



### मिला सहयोग

बैठक में भारतीय किसान संघ जिला बालोद के अध्यक्ष सांवत राम साहू, मंत्री चाणक्य यादव, गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के अध्यक्ष डॉ तेज राम साहू, संरक्षक छगन देशमुख, भारतीय किसान संघ जिला के युवा प्रमुख डिगेश कुमार भुआर्य, जैविक प्रमुख मनहरन साहू, गुण्डरदेही तहसील उपाध्यक्ष चमरु राम साहू, बालोद तहसील के मंत्री लक्ष्मी चंद धनकर, सदस्य उमेश कुमार साहू, योगेश्वर निर्मलकर, अशोक कुमार, भानु प्रसाद मंडावी, बाली कुमार साहू, माखनलाल मंडावी, भागवत चंद्रवंशी एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

## हादसा : बालोद-धमतरी मार्ग पर देरानी जेठानी नाला के पास हुई सड़क दुर्घटना

# फिर खून से लाल हुई सड़क, कोहरे व तेज रफ्तार ने ली युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

कोहरे का कहर लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। लगातार दूसरे दिन विकासखण्ड की सड़क खून से लाल हो गई। सोमवार को नेशनल हाईवे 930 पर बालोद-धमतरी के मध्य स्थित देरानी जेठानी नाला एवं ग्राम कुलिया के मध्य अवैध रेत से भरी तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से 32 वर्ष युवक की मौत हो गई एवं दूसरे युवक को सिर एवं कंधे में चोट आई है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर गुरुर पुलिस एवं 108 की टीम पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया गया।

- तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

मिली जानकारी के अनुसार मृतक नरेंद्र साहू 32 वर्ष श्यामतराई धमतरी जिले का रहने वाला था, जो खिलावन साहू 40 वर्ष श्यामतराई के साथ रविवार को ग्राम तमोरा सगे संबंधी के घर मेला मड़ई देखने गया था।वहां से सोमवार को सुबह ▶▶ शेष पेज 11 पर






### इस मार्ग से बड़ी संख्या में गुजरते हैं रेत से भरे हाईवा

बता दें कि धमतरी-चारामा से रात के अंधेरे में बड़ी संख्या में रेत से भरे हाईवा इस मार्ग से गुजरते हैं। इस दौरान हाईवा की रफ्तार बहुत तेज रहती है। अनुमान है कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। वहीं, घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। गुरुर पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है।

### गड्ढे में गिरी बाइक, युवक की मौत

गुरूर। ग्राम धनोरा स्थित चौदहवीं बटालियन कार्यालय के सामने एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार 34 वर्षीय एक युवक की मौके पर मौत हो गई है। यह घटना रविवार की रात्रि की बताई जा रही है, लेकिन रात्रि होने की वजह से घटना के संबंध में किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पायी। सोमवार को सुबह ग्रामीण टहलने निकले, तब इसकी जानकारी मिली। ग्रामीणों ने इस घटना के बारे में गुरुर पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची।



गुरुर पुलिस ने बताया कि मृतक की जेब से मिले मतदाता परिचय पत्र के आधार पर उसकी पहचान ग्राम मूड़गहन निवासी निर्गुण उईके 34 वर्ष के रुप में की गई। परिजनों के मुताबिक निर्गुण उईके छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम नहंदा गया हुआ था, जो रात्रि में अपने गांव मूड़गहन लौट रहा था। कुछ लोगों का कहना है कि रास्ते में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई है और घटना स्थल के पास चट्टान होने की वजह से युवक के सिर में चोट लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं, मोटर सायकल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। लेकिन कई लोगों का कहना है कि किसी वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ है। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# सड़कों पर आज भी घूम रहे मवेशी, दुर्घटना की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में घुमंतु पशुओं को खाने की तलाश में भटकते व सड़कों पर बैठे आसानी से देखा जा सकता है। इससे सड़क दुर्घटना की हमेशा आशंका बनी रहती है। जहां पूर्व में पैरा दान अभियान चलाया जाता था, लेकिन अब पैरादान जैसी भावनाएं खत्म होती जा रही है, लोग पैरा को खेतों में ही जलाने लगे हैं।

- घुमंतू पशुओं की समस्या सुलझाने में नाकाम नजर आ रहा प्रशासन

जहां पूर्व में कई साल पहले देखने को मिलता था कि प्रत्येक गांव व शहरों में एक कांजी हाऊस का निर्माण कर दिया जाता था, जहां अगर किसी का पशु घर नहीं पहुंचा है और इधर उधर भाग गया है या दूसरो के खेतों में चरते पाया जाता था, तो उसे ग्रामीणों द्वारा कांजी हाऊस में डाल दिया जाता था, जहां से उस पशु का मालिक ग्राम पंचायत को जुर्माना अदा करने के बाद ही उसका पशु वापस किया जाता था। जिसके कारण पहले लोग शाम तक उनका पशु घर ना आ पाने की स्थिति में पशु को ढूंढने निकल जाते थे और उसे ढूंढकर घर लाते थे, लेकिन समय के साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में कांजी हाऊस लुप्तप्राय हो गया है।

वर्तमान में घुमंतु पशु सड़कों के साथ लोगों के घरों में भी खाने के लिए भटकते रहते हैं। कई बार तो दुकानों व घरों में घुसकर वहां रखे सामान को पशु खाते जाते हैं। वहीं, बाइक की डिग्गियों में रखे सामानों को भी पशु कब निकालकर खा लेते हैं, इसका पता ही नहीं चल पाता। इससे लोगों को नुकसान भी उठाना पड़ता है।

सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा घुमंतु पशुओं को गौठानों तक पहुंचाने के साथ पशुओं के गले में रेडियम बांधने जैसे विशेष अभियान भी चलाए जाते थे, ताकि सड़क दुर्घटनाओ से बचाया जा सके। लेकिन, वर्तमान में ठंड में सड़कों पर बैठे मवेशी नहीं दिखने के कारण भी सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# बाबा गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम कोसा में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम कोसा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे, अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्राकर ने की।

विशेष अतिथि सेवानिवृत्त नायब तहसील टीआर डहरिया, रंग झांझर लोक कला मंच के संचालक दानू गजपाल, समाज सेवक ढालसिह मंडावी, भगवान दास डहरे थे। अतिथियों ने जैत खाम की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सतनाम समाज के महिलाओं एवं पुरूषों ने शोभायात्रा निकाली।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी एक महा- संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने जो संदेश दिया है, उसे जन-जन तक पहुंचाएं और अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पालकों को दी गई बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी

# पालक-शिक्षक की मेगा बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला सहगांव में तृतीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की शुरुआत माँ शारदे व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना तथा पालकों के परिचय से हुआ। बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, मेरा कोना, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, जाति-निवास प्रमाण-पत्र अद्यतन की जानकारी, छात्रवृत्ति, गुणवत्ता सुधार, स्वास्थ्य शिक्षा, शिक्षक-पालक समन्वय, नैतिक व चारित्रिक शिक्षा, उल्लास नवभारत साक्षरता, अपार आईडी आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।



पालकों ने भी अपने सुझाव दिए। आने वाले वर्षों में ठंड के मौसम में बच्चों के लिए एक ही रंग की स्वेटर खरीदने की सहमति बनी। विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक दिलीप कुमार मेश्राम व शिक्षाविद गोविन्द सिंह चुरेन्द्र ने इस सत्र कक्षा 8वीं व कक्षा 5वीं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 1000 व 500 रूपए पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व पचासों की संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दौरान युवाओं में भरा जोश

# जिधर युवा चलता है, उधर पूरा जमाना चलता है : चंपेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत तृतीय दिवस प्रातः 6 बजे से योग आसन, प्राणायाम एवं ध्यान कराया गया। प्रातः 8 बजे से 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ।

इस अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधि नरेंद्र विद्यार्थी ने कहा कि संसार के भवसागर से पार उतरने के लिए जीवन में पवित्रता, साधना, स्वाध्याय, संयम, सेवा की अनिवार्य आवश्यकता है, जिनके माध्यम से हम आत्म बल के धनी बनते हैं और श्रेष्ठ बनते चले जाते हैं। अपने अंदर की अज्ञानता को हटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश को धारण करें तो हमारा जीवन दिव्य सुसंस्कृत बनता चला जाता है। इसी को संस्कार कहा जाता है। यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार पुंसवन, नामकरण, मुंडन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ ,जन्मदिवस आदि संस्कार संगीत में वातावरण में संपन्न हुए। दोपहर 2 बजे से युवा जागरण शिविर हुआ।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रकोष्ठ के सहसंयोजक चम्पेश्वर साहू ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, जिधर युवा चलता है, उधर जमाना चलता है। अतः युवाओं को सही दिशा और दशा देने की अति आवश्यकता है इस प्रकार से समय-समय पर युवा जागृति अभियान के तहत व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर में हमें भागीदारी करनी चाहिए। अपने आप में साधनात्मक जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए।

### प्रत्येक विकासखंड के एक-एक युवा को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान जिले के हर ब्लाक के एक-एक युवा मंडल को गायत्री परिवार के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संध्याकालीन विराट राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ संपन्न हुआ जिसमें हजारों के दीपक से यज्ञ स्थल और भोजनालय जगमगाया। गायत्री परिवार के बहनों के द्वारा दीप ज्योति रैली निकाली गई जो कि लोगों के लिए एक नया आकर्षक मनोहारी दृश्य था, जिसको दर्शकों ने देखकर अत्यंत आनंदित और प्रसन्न हुए। दीप यज्ञ में भारत माता, सर्वधर्म समभाव मशाल में रंगोली बनाकर दीपक से सजाया गया जगमगाया गया जिससे यज्ञ स्थल अति आनन्ददायी प्रतीत हो रहा था।

### प्राण घातक हमला करने वाला धरा गया

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1), 109 बी.एन.एस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शास्त्री नगर कैम्प 1 निवसी थानू यादव और कालू सरदार दोनों जैतखाम के पास खडे थे। इस दौरान राजीव नगर वैशाली नगर निवासी आरोपी सूरज बंजारे उनके पास आया। थानु और कालू दोनो को आरोपी सूरज गाली गलौज करने लगे। जिसे लेकर दोनों ने विरोध किया लेकिन उसी के साथ आरोपी मे मारपीट कर जान से मारने की नियत से हमला कर फरार हो गया। शिकायत के बाद वैशाली नगर प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुमार अंदानी ने आरोपी सूरज बंजारे को पकड़ने टीम बनाई। सूरज को घेराबंदी को मुस्लिम कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### धानापुरी में मेला मड़ई 27 को

**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में 27 दिसंबर को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। गिरधारी राम सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन कार्यक्रम रखा गया है।

### भरदा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**अंडा।** न्यू शिवा जी क्रीडा मण्डल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम भरदा (कोनारी) में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है। समिति सदस्य ताम्रध्वज देशमुख ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 द्वितीय 7001, तृतीय 5001 और चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है। इसके साथ ही अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं।

### स्कूलों में मनाया सामूहिक तुलसी पूजन दिवस

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वधान में दुर्ग जिला के बालसंस्कार विभाग द्वारा संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से तुलसी पूजन दिवस दुर्ग जिला के 51 स्थानों में मनाई गई। उसी कड़ी में नव मंगल हाई स्कूल पूरई, शा. गया बाई पूर्व माध्यमिक शाला गया नगर दुर्ग, तिलक विद्यालय दुर्ग, के डी विद्यालय दुर्ग में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। सभी 25 दिसंबर को अपने अपने घरों में तुलसी पूजन दिवस मनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम समिति संस्था द्वारा 1 से 25 दिसंबर तक यह कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई है। सभी स्कूल के बच्चे और शिक्षक उत्साह से कार्यक्रम में सहयोग भी प्रदान किया। समिति द्वारा शिक्षकों को नूतन वर्ष 2025 का कलेंडर भी उपहार के रूप में दिये गए। समिति द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम देश भर के 450 आश्रम की समिति में मनाया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### संभागायुक्त से अधिक धान तौलने की शिकायत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने आज दुर्ग संभाग कमिश्नर एस एन राठौड़ से मुलाकात कर उन्हें धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित धान से अधिक धान तौलने की शिकायत की है। इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया है कि संभाग के लगभग सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों की विवशता का अनुचित लाभ उठाकर निर्धारित से अधिक मात्रा में धान की तौल की जा रही है सूखत के नाम पर प्रत्येक तौल में आधा से एक किलो अधिक तौल की जाती है जिससे किसानों को 60-70 रू प्रति क्विंटल की आर्थिक क्षति हो रही है। किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से आग्रह किया है कि संभाग के सभी जिलों के खरीदी केन्द्रों में जांच कराया जाए।

## निधन

### सूरजभान कोर्राम



**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा निवासी सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी 70 वर्षीय सूरजभान कोर्राम का रविवार को निधन हो गया। वे सरपंच छबिलाल कोर्राम के दादा जी थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक बंधु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**अनावरण : उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने बटन दबाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

# सिवनी में 18 माह में तैयार होगा नवीन प्रधान जिला व सत्र न्यायालय भवन, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सामने नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं बालोद जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवशी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। समारोह में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि 18 माह में इस भवन के निर्माण कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निर्माण कार्य में शतप्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।





### मील का पत्थर साबित होगा यह भवन

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण वास्तव में बालोद जिले के न्यायिक उपलब्धि की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि भवन निर्माण के निर्धारित समयावधि 18 महीने में जिले वासियों के लिए एक बेहतर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन उपलब्ध हो जाएगा।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न एवं अन्य न्यायाधीशों के द्वारा निर्माणाधीन न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, न्यायाधीश परिवार न्यायालय बालोद योगेश पारीक, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी माधुरी मरकाम, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हीरा सिन्हा, अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सागर चन्द्राकर सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय साहू एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने किया भूमिपूजन

स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के विशेष प्रयासों से आज बालोद जिले में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप ही बालोद जिले वासियों को नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का सौगात मिलने जा रहा है। उन्होंने आज के इस अवसर को बालोद जिले वासियों के लिए ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बताया।उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस नवीन न्यायालय भवन के निर्माण कार्य पूरा हो जाने से हमारे कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी, अधिवक्ताओं एवं यहाँ आने वाले आम नागरिकों में उत्साह का संचार होगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस नवीन भवन के निर्माण हेतु वर्षों प्रक्रिया चलने के उपरांत हम सभी का बहुप्रतीक्षित सपना आज मूर्त रूप ले रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवरत्न ने इस नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण के लिए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सहित बालोद जिला प्रशासन, गणमान्यजनों एवं जिले वासियों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने सपत्नीक विधि–विधान के साथ इस नवीन भवन के भूमिपूजन के कार्य को संपन्न कराया।

## भगवान श्री राम का आदर्श जीवन हमें मर्यादा और संस्कार की सीख देता है





**जामगांव आर।** नगर में श्री राम कथा की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। जामगांव आर की पुण्य धरा में तृतीय दिवस श्रीधाम वृन्दावन से पधारे आचार्य शिवानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम का आदर्श जीवन हमें मर्यादा और संस्कार की सीख देता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम को मानने वाले भगवान राम का माने जीवन का उद्धार हो जाएगा।

हमें राम की तरह अपने माता–पिता, गुरुजनों की भावनाओं को पूरा–पूरा सम्मान करना चाहिए। इस कथा से हमें साहस और बुद्धि से प्रत्येक कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। विपरीत परिस्थितियों में धीरज बनाए रखना भी इस कथा के माध्यम से हम सीखते हैं। कार्यक्रम के दौरान मीरा चंद्राकर नंदनी साहू, शैलेंद्री मंडवी, पूजा गोस्वामी, भानमती साहू, पिंकी शुक्ला, उमा चंद्राकर, मेनका निर्मलकर सुरुचि मधु शाहने, लक्ष्मी वर्मा सहित बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने कथा का रसपान किया।

## खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरुरी

### पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का जिला पंचायत सभापति मीना ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सोमवार को स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी मुजालगोदी व कोचवाही के तत्वावधान में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति मीना साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मीना साहू ने कहा कि कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता जैसे खेल में एकता, भाई चारे की भावना देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरुरी है।

आज गांव-गांव में सुनील गावस्कर, तेंदूलकर जैसे युवा कबड्डी एवं क्रिकेट मैच को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। कार्यक्रम को सत्येन्द्र साहू, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर ने भी संबोधित किया। आदिवासी बालक छात्रावास अधीक्षक मन्नम राणा, दुलार साहू, वरिष्ठ नागरिक रोहित यादव, रोजगार सहायक परमेश्वर बजरंग, सरपंच नरसिंह चोरमार, उपसरपंच तैय्यब अली, मरकाटोला कैंप प्रभारी खुबरत सोरी अतिथि के रुप में उपस्थित थे। अतिथियों ने पांच दिवसीय मैच का विधिवत पूजा अर्चना कर खेल का शुभारंभ किया। 27 दिसम्बर को समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रभात धुवे करेंगे। सरपंच भुनेश्वरी यादव, सरपंच नरसिंह चोरमार, उपसरपंच तैय्यब अली, उपसरपंच राजेंद्र मंडावी, कामीन गोरे, सचिव योगेश साहू के आतिथ्य में होगा।

## शक्ति केन्द्र डौंडी में महतारी वंदन के हितग्राहियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडी द्वारा छत्तीसगढ़ विष्णु देव सरकार के शानदार 1 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन से लाभान्वित माताओं और बहनों का शक्ति केन्द्र डौंडी के बूथ क्रमांक 243 और नगर पंचायत कार्यालय में साड़ी, श्रीफल एवं मिठाई वितरण कर सम्मान किया गया। मातृ शक्ति को सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर सभी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में विषेश रूप से डौंडी मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ रूपेश नायक, पुर्व मंडल अध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि मनीष झा, नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, मंडल महामंत्री अजय चौहान वरिष्ठ कार्यकर्ता छगन यदु दिनेश अग्रवाल निलेश जायसवाल एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने ग्रामवासियों के सहयोग से किया आयोजन**

## खोला में मनाया गया शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज एवं ग्रामवासी खोला के तत्वावधान में शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस एवं भव्य मड़ई मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग अशोक साहू थे, अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज संतलाल कोड़प्पा ने की। विशेष अतिथि धनाजी राम ध्रुव, महामंत्री जिला कांग्रेस रूपेंद्र शुक्ला, रामसुमेर कतलम, उमाशंकर नेताम, सभापति जनपद पंचायत बिमला बालाराम कोसरे, सरपंच रेवती साहू, उपसरपंच खुमान सिंह जांगड़े, सरपंच राजकुमार ठाकुर थे। दोपहर 12 बजे कलश यात्रा, गौरी गौरा शोभायात्रा धूमधाम से बाजे गाजे के साथ निकाली गई। रात्रि में महतारी के आंसू नाच पार्टी संसारगढ़(मानपुर) की प्रस्तुति का आनंद लोगों ने लिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने ब्रिटिशों से लड़ाई हमारे स्मिता, स्वाभिमान के लिए लड़ी। जिला महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज मेहनत, लगन, ईमानदारी से काम करने वाला समाज है।

तहसील अध्यक्ष संतलाल कोड़प्पा ने पूरे पाटन ब्लॉक में खोला में स्थापित शहीद वीरनारायण सिंह मूर्ति को अव्वल बतलाते हुए सामाजिक बंधुओं को 22 दिसंबर को तहसील स्तर, 12 जनवरी को जिला स्तर में बलिदान दिवस में शामिल होने का न्योता दिया। इस अवसर पर रवि ठाकुर, राजेंद्र कोर्राम, मिथलेश कतलम, टिकेश ओटी, शीतल कोठारी, बालाराम कोसरे, ख़ोमू ठाकुर, जगदीश ठाकुर, डा छबिराम बारले, गोकुल बारले, नाथूराम बारले, दीनू ओटी, सोनसाय साहू, मोतीलाल ठाकुर, नंदू ओटी, चंद्रिका चंद्राकर, देवश्री कोर्राम, नीरा ओटी, लतेल ओटी, डोमेंद्र नेताम, हरीश ठाकुर, रमेश ओटी, लक्ष्मी नेताम, परदेसनिन कतलम, सुनीता कोठारी, दीनदयाल ओटी, टिकेश ओटी, पप्पू ठाकुर, युगल किशोर डहरे, धनश्याम ठाकुर सहित आदिवासी धुरव गोड़ समाज के बंधु, माताएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बासीन में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती



**जामगांव आर।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला समारोह ग्राम बासीन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अतिथि उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग अशोक साहू, सभापति जनपद पंचायत बिमला बालाराम कोसरे, सहसचिव ब्लॉक कांग्रेस अमित अग्रवाल, जोन प्रभारी सोहन जोशी ने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि सत्य मार्ग में ही सुख है। इस अवसर पर विष्णु डहरे, पूर्व सरपंच नरेंद्र नवरंगे, सरपंच रेवती साहू, शीतल कोठारी, शिवकुमार जांगड़े, संजय देशलहरे, नागेश्वर बारले, धर्मेंद्र बंजारे, नाथू बारले, जयचंद नवरंगे, गंगाराम भारती, मनहर पांडे, ढ़ेलूराम साहू, गोकुल बारले, ओम कोठारी, लोमेश चंद्राकर, दुर्गेश साहू, रवि मार्कण्डेय, गज्जू साहू, ठाकुर मार्कण्डेय सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

**महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर किया गया आयोजन**

## सशिमं जगन्नाथपुर में लगा गणित मेला बच्चों ने अपनी कला का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित मेला का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का परिचय देते हुए महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से जुड़े हुए पहलुओं पर चित्रकारी, भाषण, गिनती, पहाड़ा, आकृति, कविता, रंगोली आदि का प्रदर्शन किया। इस दौरान पहुंचे समिति के पदाधिकारी एससी हरदेल, खिलानंद गिलहरा और अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और बच्चों से उनकी प्रदर्शनी और गणितज्ञ रामानुजन के जीवन से संबंधित प्रश्न भी पूछे। साथ ही प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस गणित मेला के दौरान 14 बच्चों ने गणित चार्ट, 8 ने भाषण, 6 ने गणित प्रादर्श, 7 ने पत्ती व मसाला संग्रह, 11 बच्चों ने उल्टी गिनती, 16 ने सीधी गिनती, 9 ने कविता, 4 ने रंगोली, 8 ने चित्रकला और 7 बच्चों ने अनाज संग्रह सहित कुल 90 बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का विविध कलाओं में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिभावक नंदिनी साहू, गुनीता देशलहरे ,दामिनी साहू, खिलेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, पद्मिनी विमल विश्वकर्मा, तानसेन साहू, सोहनलाल साहू, हेमलाल साहू, दिनेश पटेल आदि मौजूद रहे। इस गणित मेला के दौरान कक्षा अष्टम के छात्रा हेमेश मार्कंडेय ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की आकर्षक पेंटिंग बनाई, जिसे चित्रकला में प्रथम स्थान मिला। इस दौरान शिक्षकों में रेखलाल देशमुख, खेमिन साहू, धनंजय साहू, भावना सुनहरे, रीना देशलहरे, माधुरी यादव, चैन कुमारी नेताम, त्रिवेणी दुबे, रितु पिस्दा, स्टाफ नुमेश्वरी आदि मौजूद रहे।



